25/27/8/13

Fax Message No. 7233 ICAR HQ.
Dated 26/8/2013
No. of Pages 01

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा0सं0 रा0भा0 10(1)/2013–हिन्दी

दिनांक :26 अगस्त, 2013

## परिपत्र

विषय :– परिषद मुख्यालय व इसके अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों आदि में हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/हिन्दी चेतना मास का आयोजन करने के संबंध में।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी परिषद मुख्यालय में 14 सितम्बर से 13 अक्टूबर, 2013 तक "हिन्दी चेतना मास" का आयोजन किया जा रहा है तथा इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं/कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आप भी अपने संस्थान/निदेशालय/ब्यूरो/केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र आदि में अपनी सुविधा अनुसार हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास का आयोजन करें तथा इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके अपने कार्यालय के कार्मिकों को हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

**सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से परिषद सहित संस्थानों/ब्यूरो/निदेशालयों/केन्द्रों के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिन्दी चेतना मास के दौरान अर्थात 14 सितम्बर, 2013 से 13 अक्टूबर, 2013 के बीच फेसबुक पर एक कृषि संबंधी स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन परिषद द्वारा किया जा रहा है।** इस प्रतियोगिता के विस्तृत जानकारी के लिए 14 सितम्बर, 2013 को www.facebook.com/InAgrisearch पर लॉग इन करें। इसके अंतर्गत कोई भी अधिकारी/कर्मचारी कृषि संबंधी अपना स्लोगन (अधिकतम 4 पंक्तियों में) परिषद मुख्यालय की फेसबुक टीम को भेज सकता है। इस प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार निम्नानुसार रखा गया है :–

1. प्रथम पुरस्कार (दो) रू0 1100 x 2 = रू0 2200/–
2. द्वितीय पुरस्कार (दो) रू0 800 x 2 = रू0 1600/–
3. तृतीय पुरस्कार (दो) रू0 600 x 2 = रू0 1200/–
4. प्रोत्साहन पुरस्कार (दो) रू0 500 x 2 = रू0 1000/–

इस प्रतियोगिता के लिए प्राप्त स्लोगनों का मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन करके पुरस्कारों का निर्धारण किया जायेगा।

इस अवसर पर माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री जी की ओर से एक प्रेरणाप्रद 'संदेश' पोस्टर के रूप में अलग से जारी किया जा रहा है।

(हरीश चन्द्र जोशी)
निदेशक (रा0भा0)

वितरण :–

1. भा.कृ.अ.प. के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों/क्षेत्रीय केन्द्रों आदि के निदेशक तथा अध्यक्ष को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. भा.कृ.अ.प. के सभी अधिकारी/कर्मचारी जिसमें कृ.अनु.भ–I और II भी शामिल है।
3. श्री जगदीप सक्सेना, संपादक (हिन्दी), हिन्दी संपादकीय इकाई, डीकेएमए, कृषि अनुसंधान भवन, पूसा, नई दिल्ली–12 को इस अनुरोध के साथ की इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

letter

Organising Hindi Day/Hindi Week/Hindi Fortnight/Hindi Chetana Mas in ICAR Institutes and slogan writing competition for all staff members.

Dr Pervez
Rec. 28/08

27/8/13